तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025

11 ग्राम पंचायत जांगड़ा-पायलीखंड में आज भी...



12 युक्तिकरण से अभिभावक परेशान 1 कमरे में...








# लंबा इंतजार खत्म, मानसून आते ही झमाझम बारिश से मिली लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बहुत तरसाने के बाद सोमवार को मानसून राजिम पहुंच गया है। प्री मानसून में एक घंटे की झमाझम बारिश हुई है। इस बारिश से शहर के निचले हिस्सो में पानी की धार चलने लगी। कहीं-कहीं जाम की भी नौबत आई। परंतु मौसम सुहाना हो गया है। कहा जाए कि इस बार बहुत तरसाने के बाद मानसूनी बारिश हुई है तो कोई गलत नहीं होगा। मौसम विभाग ने मई में ही यह संकेत दिया था कि इस साल पखवाड़े भर पहले मानसून छत्तीसगढ़ पहुंच जाएगा। पहुंचने की तारीख भी 25 मई बताई गई थी। परंतु उनका यह अनुमान इस बार सही साबित नहीं हो सका बल्कि 22 दिन बाद 16 जून को मानसून के पहुंचने का केवल अनुमान ही लगाया जा रहा है पता नहीं सोमवार को हुई बारिश वाकई में मानसूनी बारिश है कि यह भी हवा हवाई है। राजिम क्षेत्र के एक बहुत बड़े रकबे में किसानों ने जुताई का काम पूरा कर लिया है। बारिश का बेसब्री से हर किसी को इंतजार है। सारे लोग गर्मी और उमस से व्याकुल है। बारिश के फुहार का आनंद सभी लेना चाहते है। समाचार लिखे जाने तक आकाश पर काले बादल छाए जरूर है मगर बारिश हो नहीं रही है। वैसे नौतपा और पंचक के बाद उम्मीद बढ़ गई थी कि मानसून इस बार जल्दी पहुंच ही जाएगा। हर किसी को उम्मीद थी परंतु बहुत तरसाने के बाद 16 जून को बारिश हुई है। बता दें कि सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप और जमकर गर्मी ▶▶|शेष पेज 10 पर

## बारिश से निचले इलाकों में भरा पानी, लगा जाम



### नवापारा हो गया तर-बतर

दोपहर मानसून की पहली तेज बारिश हुई। सुबह से तेज गर्मी एवं उमस के बाद कुछ ही पल में तेज बारिश से पूरा शहर तर बतर हो गया। लंबे समय के बाद बारिश से लोगो को गर्मी एवं उमस से राहत मिली। 1 घंटे लगातार हुई बारिश के साथ बिजली चमकी और बादल गरजा। नगर के प्रमुख सदर रोड वीरान हो गया। जानकारों ने बताया कि विगत 15 दिनों से बस्तर में अटके मानसून को बंगाल की खाड़ी में बढ़े आद्रता के कारण गति मिली। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में मानसून छत्तीसगढ़ के एक दर्जन जिलों में प्रवेश कर जायेगा। दोपहर हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। सही समय में मानसून के आगमन से किसानों ने खुशी जाहिर की है। आज हुए बारिश से माना जा रहा है कि खेती किसानी के कामों में गति आ जाएगी। किसान आगामी 4 माह खरीफ फसल में व्यस्त रहेंगे। किसानी के कामों के चलते मजदूरों का टोटा रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूवार्नुमान है।

## खबर संक्षेप



### नाली न होने से पटरी किनारे के दो वार्डों में बढ़ेगी परेशानी

**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नंबर 8 एवं 9 जो रेलवे पटरी किनारे बसा हुआ है। इस वार्ड के लोगों को भरी बरसात में परेशानियों का सामना करना पड़ जाएगा। यदि नाली निर्माण नहीं किया गया तो। रेलवे का काम द्रुत गति से चल रहा है परंतु पटरी के आसपास बसे हुए लोगों की सुधी नहीं ली जा रही है। पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष दयालुराम गाड़ा ने इस दिशा में रेलवे के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय सिंह का ध्यान आकर्षित किया है। बताया कि हल्की सी बारिश में भी यहां पानी जाम हो जाता है। कई घरों में भी पानी घुस जाता है लिहाजा इस दिशा में यदि ध्यान नहीं दिया गया तो इन दोनों वार्डों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ जाएगा।

### मैनपुर में 3 किलो का आम हाथों-हाथ बिका



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किमी दूर देहारगुड़ा निवासी लुजेश दीवान के निवास में आम का पेड़ और उसके फल इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है उनके खेत बाड़ी में लगाए गए आम के पेड़ से एक आम तीन किलो वजन तक के होता है। आज मैनपुर साप्ताहिक बाजार में आम बिकने पहुंचा तीन किलो वजनी आम को देखकर लोग आकर्षित हो गए और देखते ही देखते एक क्विंटल आम हाथों हाथ बिक गया। प्रति किलो 60 रुपए के हिसाब से आम की बिक्री हुई। लुजेश कुमार दीवान ने बताया की इन आम के वृक्षों को उनके दादा ने लगाया गया था और इसका फल काफी मिठा और आकार में बड़ा तथा वजनी होता है।

### देवभोग में 17 को मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल देवभोग के मंडल अध्यक्ष जगमोहन पटेल ने बताया की प्रदेश एवं जिला भाजपा संगठन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल बेमिसाल एवं संकल्प से सिद्धि तक का कार्यक्रम 17 जून दिन मंगलवार को दोपहर 2.00 बजे राजा पारा के प्रहरी चौक में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ एवं पूर्व जिला महामंत्री भाजपा जिला गरियाबंद मुरलीधर सिन्हा प्रमुख रूप से शामिल होंगे । इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष देवभोग जगमोहन पटेल ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे शामिल होने अपील किया है।

## हादसा : नवापारा-राजिम में तेज रफ्तार हाईवा का कहर जारी

# तेज रफ्तार हाईवा ने 13 वर्षीय मासूम को कुचला, दूसरा बच्चा गंभीर; चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर के बीच से गुजरने वाले तेज रफ्तार दैत्याकार हाइवा ट्रकों से होने वाली जानलेवा दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार पीले रंग के हाइवा ने 13 वर्षीय एक मासूम बच्चे गौरव विधानी को बेरहमी से कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। घटना को अंजाम देने के 18 घंटे बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस भीषण हादसे में गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका 9 वर्षीय दोस्त चरण नारवानी गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह हृदयविदारक घटना नवापारा शहर के बेलाहीघाट पुल पार करने के बाद सोनकर और सुगम लॉज के बीच हुई। बताया जा रहा है कि यह क्षेत्र नदी के उस पार होने के कारण मगरलोड थाने के करेली बड़ी चौकी क्षेत्र में आता है। चौकी प्रभारी तुलसी राम मिथलेश से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### 6 माह में 5 से ज्यादा लोगों की मौत



#### जनता में आक्रोश

इस घटना को लेकर सिंधी समाज सहित पूरे शहर में आक्रोश का माहौल है। कांग्रेस-भाजपा सहित समूचे शहर के नागरिकों ने भी तेज रफ्तार हाइवा के शहर से चलने पर नाराजगी जाहिर की है। सोशल मीडिया पर भी यह मुद्दा गरमाया हुआ है और लोगों का गुस्सा प्रशासन और पुलिस के प्रति दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार, कुछ रेत घाट धमतरी जिले के हिस्से में पड़ते हैं, जहां जाने के लिए हाइवा इसी शहर के बीच से निकलते हैं। रात 10 बजे के बाद से सुबह तक सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं, जिससे सड़कें खराब हो रही हैं और लोगों की जानें जा रही हैं।

**गर्मी की छुट्टियां मनाने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था-** तिल्दा नेवरा निवासी गौरव विधानी गर्मी की छुट्टियां मनाने नवापारा में अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। रविवार को वह अपने दोस्त चरण नारवानी के साथ स्कूटी से बेलाहीघाट घूमने निकला था, तभी अज्ञात हाइवा ने सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि स्कूटी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गौरव के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चरण को गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों की मदद से दोनों बच्चों को नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। चरण का इलाज जारी है।

**अवैध रेत खनन और प्रशासन पर सवाल-** सूत्रों के मुताबिक, यह हाइवा धमतरी जिले में अवैध रेत खनन के लिए रेत लोड करने जा रहा था। प्रशासन द्वारा सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक शहर के बीच से रेत भरे हाइवा वाहनों के चलने पर रोक लगाई गई है, लेकिन ▶▶|शेष पेज 10 पर

# युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों की सुनवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में शिक्षक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर घमासान थमने का नाम नहीं ले रही है। अनियमितताओं का आरोप लगाकर 300 से अधिक एलबी शिक्षकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाकर न्याय मांगा था। आरोप था कि चक्रीय क्रम अनुसार वरिष्ठता तय नहीं किया गया, विषय बंधन समाप्त होने के बावजूद लागू किया गया और कला विषय शिक्षकों तक का हिंदी बता दिया गया, ताकि चहेतों को लाभ दिया जा सके। सोमवार को आदेश पर एक कमेटी ने प्रभावित शिक्षकों की सुनवाई शुरू किया, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि कारगुजारी के आरोप झेल रहे छुरा बीईओ किशुन लाल मतावले ही इस समिति का हिस्सा रहे। सुनवाई में पहुंचे शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उनके पक्ष रखने से पहले ही उनके तर्क खारिज किए जाने लगे थे। कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने 6 जून को ही शिक्षा सचिव को पत्र लिखा था कि बीईओ ने अधिक शिक्षक होने की जानकारी नहीं दी, जानबूझकर गलत गणना किया, उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों से धोखाधड़ी किया और विषय जानकारी तक छिपाकर आदेश का उल्लंघन किया। इस पर निलंबन सहित विभागीय जांच की सिफारिश किया था, पर 10 दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। गड़बड़ियों का असर गरियाबंद ही नहीं, फिंगेश्वर, मैनपुर सहित अन्य ब्लॉकों तक फैल चुका है। लगभग 300 आवेदन इसका प्रमाण हैं। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने आरोप लगाया कि शासन ने कारगुजारी पर कार्रवाई ने किया, उल्टे सुनवाई जैसे अहम आदेश का हिस्सा वही अफसर रहे, जो घोटाले में शामिल थे। नेताम ने यह भी किया कि एरियर्स वितरण तक में भारी अनियमितता हुई। मैनपुर, देवभोग और विशेष रूप से छुरा इसका केंद्र रहे, जहां तय अनुपात से अधिक धन मांगाकर दूसरे क्षेत्रों का हिस्सा प्रभावित किया गया। आरोप यह भी लगाया कि एक मंत्रालय स्तरीय अफसर गरियाबंद शिक्षा विभाग पर संरक्षण दिए हुए हैं, जिसके कारण कारवाही नहीं होती। डीपीआई आयुक्त राकेश पांडे ने कहा कि सुनवाई एक पक्ष से नहीं होती, इसलिए कमेटी में बीईओ रखा गया था। साथ ही उनके पास फिलहाल निलंबन प्रस्ताव नहीं आया है।



# रसेला-छुरा मार्ग की दर्जनों पुल-पुलिया वर्षों से हैं जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

कई दशकों से रसेला से छुरा मार्ग में बने पुल-पुलिया जर्जर स्थिति में आवागमन का काम चल रहा है। साथ ही साथ सड़क अत्यधिक संकरा है। उक्त मार्ग पर चौबीस घंटे भारी वाहनों का आवागमन होता है, सड़क कम चौड़ा होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन के दौरान दुपहिया चालकों के लिए साइट देने स्थान ही नहीं रहता है। यदि दोनों ओर से भारी वाहन आ जाता है तो बड़ी मुश्किल से एक दूसरे को पार करते हैं, जिससे खतरा बना रहता है। कई बार साईट देने के चक्कर में लोग गिर कर घायल हो गए हैं। एकल रास्ता होने के कारण प्रतिदिन कही न कही दुर्घटना होते देखा जा सकता है। मार्च या अप्रैल में रुवाड से छुरा तक शासन द्वारा नाप करवाया गया मगर अभी तक इस सड़क के बारे में कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा है। पांच साल कांग्रेस और 18 महिना भाजपा सरकार का गुजर गया। मगर अभी तक इस मार्ग का सुध लेने वाला कोई नहीं है। आज भाजपा सरकार से लेकर कांग्रेस सरकार तक मात्र आश्वासन ही मिला रही है। खाना पूर्ति के लिए बीच-बीच में मरम्मत कराकर इतिश्री कर ▶▶|शेष पेज 10 पर



### रसेला में आज आयोजित हुआ विशेष जनजातीय शिविर

**रसेला।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जनजातीय बाहुल्य गांव में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यानी 17 जून को ग्राम पंचायत रसेला में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में पात्र लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशानुसार विशेष शिविर की निगरानी के लिए विकासखंड स्तर पर मानिटरिंग कामेडी का गठन किया गया है। इसके साथ ही निरीक्षण हेतु तिथि व ग्राम का भी निर्धारण किया गया है। इस शिविर में ग्राम पंचायत रसेला के पारा बेलडीही, कारीमाट्टी, भरुवामुडा पंचायत में हिराबतर,कोठीगाव, घोटपानी, मेडकीडबरी, सुरगपानी, मुढीपानी, कनफाड, पडरीपानी गोड, छिदौली, पेण्ड्रा, सेहरापानी, कामकाज ग्राम शामिल होंगे। इस शिविर में राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वयोवृद्ध कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पीएम उज्जवल गैस कनेक्शन, जन-धन खाता, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कल्याण, पीएम आवास योजना, टीकाकरण, आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी।

## स्कूल खुलते ही लौटी रौनक...



**मैनपुर।** नया शिक्षा सत्र सोमवार को प्रारंभ होते ही स्कूलों में जहां रौनक लौटी है। वहीं स्कूली बच्चों को प्रथम दिन धमाचौकड़ी करते और खेलकूद करते देखा गया।

## अब सरल हिंदी का होगा प्रयोग

# पुलिस की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव, उर्दू-फारसी के कठिन शब्द हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ की पुलिस व्यवस्था को अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के बाद अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में इस्तेमाल होने वाले कठिन, पारंपरिक और आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि जब कोई आम नागरिक किसी शिकायत, अपराध सूचना या अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। उर्दू-फारसी के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं।

### बदले जाने वाले शब्दों की सूची

इस पहल के तहत कुछ प्रमुख उर्दू-फारसी शब्दों को उनके सरल हिंदी विकल्पों से बदला जाएगा। इनमें से कुछ शब्द और उनके नए हिंदी विकल्प इस प्रकार हैं। अदम तामील - सूचित न होना,
**इन्द्राज** - टंकन, खयानत - हड़पना, गोश्वारा - नक्शा, दीगर - दूसरा, नकबजनी - सेंध
माल मशरूका - लूटी/चोरी गई संपत्ति, मुचलका - व्यक्तिगत बंध पत्र,
**रोजनामचा** - सामान्य दैनिकी, शिनाख्त - पहचान, शहादत - साक्ष्य, शुमार - गणना,
**सजायाफ्ता** - दण्ड प्राप्त, सरगना - मुखिया, **सुराग** - खोज, साजिश - षडयंत्र,
**अदालत दिवानी** - सिविल न्यायालय, फौजदारी **अदालत** - दांडिक न्यायालय,
**इकरार नामा** - प्रतिज्ञापन, कत्ल - हत्या, **गुजारिश** - निवेदन,
**जब्त** - कब्जे में लेना, जमानतदार - प्रतिभूति दाता, जमानत - प्रतिभूति,
**जरायम** - अपराध, दाखिल खारिज - नामांतरण,
**फरियादी** - शिकायतकर्ता, इत्तिलानामा - सूचना पत्र,
**चश्मदीद** - प्रत्यक्षदर्शी, वारदात - घटना,
यह पहल निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ पुलिस और आम जनता के बीच एक सकारात्मक सेतु का काम करेगी, जिससे पुलिस की सेवाएं और अधिक सुलभ तथा प्रभावी बन सकेंगी।

उनका मानना है कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए। यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और जनता के बीच पुलिस की स्वीकार्यता को मजबूत करने में सहायक होगा।

**कैसे होगा यह कार्यान्वयन?-** उपमुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। इस पत्र में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यावहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक विस्तृत शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने ▶▶|शेष पेज 10 पर

# 60 लीटर ताड़ी व 6 लीटर महुआ शराब जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अवैध मादक पदार्थों और कच्ची शराब के खिलाफ देवभोग पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। दो अलग-अलग प्रकरणों में 60 लीटर अवैध ताड़ी (छिंद रस) और 06 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब के साथ 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 171/2025 और 172/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। यह कार्रवाई नया सवेरा अभियान के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के परिपालन में की गई है। इस अभियान का उद्देश्य अवैध रूप से शराब और गांजा की तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाना है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 15 जून और 16 जून 2025 को मुखबिर से थाना प्रभारी देवभोग को सूचना मिली थी। सूचना के मुताबिक, के शिवा कुम्भम और तिरन यादव दोनों छोटी गुड्डी तिराहा के पास अलग-अलग समय पर अधिक मात्रा में अवैध ताड़ी और हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे। सूचना की पुष्टि के बाद, थाना स्टाफ और गवाहों के साथ मौके पर घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम के. शिवा कुम्भम (24 वर्ष, सालीगौरम, ▶▶|शेष पेज 10पर



## नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक देकर मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों का टीका लगाकर तथा मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया। इस अवसर प्राचार्य जीआर सिन्हा द्वारा कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी तथा दसवीं के विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन ज्योति किरण चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, संजय मांझी, पूजा साहू, हेमंत खुंटे, कीर्तन साहू, आशीष देवांगन, देवेंद्र शर्मा, तपस्या शर्मा, चंद्रशेखर मिथलेश, अनिता साहू , दुर्गेश नंदिनी, नोबल ध्रुव, बेला मारू, तुलसी साहू, प्रज्ञा लांजेवार, भारती यादव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।



## गुरु घासीदास प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** गुरु घासीदास प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बेलदार ने आरती कर और मिठाई खिलाकर सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों का स्वागत किया, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने बच्चों को नई गणवेश (यूनिफॉर्म) भेंट की।



## ज्ञान गंगा में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालया में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के सचिव विष्णु चंद्राकर, शिक्षक लता चंद्राकर, नीलम कोसरो, मोनिका चंद्राकर, झरना पटेल, रुखमणी सारथी, हर्ष यादव, वर्षा सारथी आदि मौजूद रहे।

**शिक्षा :** छात्रों को गणवेश बांटे, एक पेड़ मां के नाम लगाने पर दिया जोर

# बंसुला में सरपंच ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासन के आदेशानुसार तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया एवं बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला में प्रवेश उत्सव का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बंसुला गांव के सरपंच नवीन साहू, संकुल प्रभारी बलदेव मिश्रा, संकुल समन्यवक गोवर्धन डडसेना उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। पश्चात कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को नवीन साहू सरपंच ने तिलक लगाकर स्वागत किया और साथ में गणवेश वितरित किया। इस अवसर पर सरपंच ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के सभी कमियों को पूरा करने का आश्वासन दिया। बलदेव मिश्रा ने अपने संबोधन में नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की। संकुल समन्यवक गोवर्धन डडसेना ने एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए सभी बच्चों से आग्रह किया। युक्तियुक्तकरण के तहत आई हुई नवपदस्थ शिक्षिका मंदाकिनी प्रधान का पूरे स्टॉफ द्वारा स्वागत किया गया। आभार प्रदर्शन दिनेश डडसेना प्रधान पाठक एवं कार्यक्रम का संचालन राजेश भोई ने किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा, अनिता साहू, सुजाता प्रधान, सीता साहू, पुष्पांजलि यादव, राजेश साव, चमेली सागर, उतरा चौहान का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में बहुत अधिक संख्या में माताएं एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।







## बकमा स्कूल में संयुक्त रूप से मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बागबाहरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बकमा प्राथमिक शाला बकमा में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बकमा के सरपंच लीलेश्वर साहू, उपसरपंच कमल नारायण साहू, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मिलन साहू, एसएमडीसी अध्यक्ष हरख राम साहू, एसएमसी अध्यक्ष हुकुमचंद चक्रधारी, धनेश्वरी साहू, आओ दिनेश्वरी साहू, सी राजेंद्र पटेल, भुनेश्वर पटेल, संस्था के प्रभारी प्राचार्य कुश कुमार साहू, लीला पटेल, खिलावन वर्मा कौशल्या ठाकुर, डेविड कुजूर, ऋषि साहू, पीतांबर लाल सेन, सोनामणि तिर्की, केतन साहू, छगन दीवान, अनुरूद चौधरी, नंदनी चंद्राकर, अन्नपूर्णा चंद्राकर, चंद्रिका महिलाने, संतोषी ध्रुव, ग्राम के नागरिक एवं कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चे मौजूद रहे। प्राथमिक मिडिल बच्चों को गणवेश वितरण किया गया एवं नवमीं दसवीं के बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। छात्रों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

# दुर्गापाली स्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोना राजकुमार पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दुर्गापाली, अध्यक्षता निमंकर पटेल प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत व विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण व पालकगण उपस्थित थे।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पश्चात अतिथियों द्वारा कक्षा नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिष्टान्न खिलाकर व पुस्तक भेंट कर भव्य रूप से स्वागत किया गया। साथ ही विद्यालय में नवपदस्थ शिक्षक देवराज पाणिग्रही, शिक्षिका धनेश्वरी साहू का तिलक लगाकर ,गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच ने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने व सभी को प्रवेश लेकर अनुशासित ढंग से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य निमंकर पटेल ने संबोधित करते हुए प्रवेश उत्सव मनाने के उद्देश्यों, शत- प्रतिशत बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए जनसहभागिता से कार्य करने पर प्रकाश डाला व सालभर चलने वाले शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षकगण सीता सिंह, पुनीत लाल चौधरी, राजेश पंडा, जयदेव साहू, एकता शर्मा, भूपेंद्र खूंटे, स्टॉप आशीष दीवान, रजनी राठिया, सत्यप्रकाश मुकर्जी व विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिवप्रसाद पटेल ने किया।



# गढ़पटनी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चरणों में सरपंच लक्ष्मी पटेल, भूतपूर्व सरपंच प्रतिनिधि कैलाश भोई ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प एवं गुलाल चंदन लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। प्रधान पाठक सरविंद सिदार ने कहा कि नया शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ हो रहा है, सभी बच्चे नियमित स्कूल आए। स्कूल के गतिविधियों का लाभ लेंगे। खेल खेल में शिक्षा, निशुल्क पाठ्य-पुस्तक, गणवेश, पौष्टिक मध्यान्ह भोजन खेल सामग्री, प्रदान किया जाता है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा का अध्यन किया जाता है। आप सभी माता-पिता से अनुरोध है कि बच्चों का प्रवेश दिलाए। कोई भी शिक्षा से वंचित ना हो। सहायक शिक्षक लगन नाग, उमा कैवर्त, विधुमति कर, बुद्धेश्वरी डड़सेना, निर्मला कैवर्त, रोशन पटेल उप सरपंच, खीरवंती भोई शिक्षिका, सुखराम कलेत आदि मौजूद रहे।

## पचेड़ा में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तक वितरण किया गया। इस



मौके पर थनेश्वरी साहू जनपद सदस्य व सरपंच श्याम बाई टंडन ने नवप्रवेशियों का स्वागत किया। शत्रुघ्न साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव मनाने का मूल उद्देश्य है कि बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक साहू ने अपने संबोधन में स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और अध्ययनरत बच्चों को शाला लगने का समय का विशेष ध्यान रखते हुए अनुशासन में रहने को कहा। मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा ने कहा कि बच्चे स्कूल नियमित आएं और शिक्षा अध्ययन कर अपने भविष्य को सुरक्षित एवं शिक्षित बनने प्रेरित किया। संस्था के प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य विजय घाडगे, थनेश्वरी साहू जनपद सदस्य, प्रहलाद साहू, श्याम बाई टंडन सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, जितेन्द्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, शेख अल्लाउद्दीन, शत्रुहन साहू सक्रिय सदस्य, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, माधोराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, दिलीप नारंग सचिव ग्राम विकास समिति पचेड़ा, भोजराम निषाद पंच, सेवकराम साहू, गुलाब साहू पंच, बसंत नारंग, शिक्षकगण ओमप्रकाश धरमवंशी, घृतलहरे एवं स्टाफ के समस्त शिक्षिकागण और शाला के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

# खुटेरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम खुटेरी में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम खुटेरी के सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, पंच गण भोजकुमारी पटेल, लिलेश्वरी ध्रुव, आरती सिन्हा, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष द्वय महेश ध्रुव, हंसराज निषाद, पूर्व सरपंच घनश्याम धाँधी, गायत्री साहू के साथ-साथ जिला महासमुंद से सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, एपीसी विद्या साहू तथा विकासखंड कार्यालय पिथौरा से बीआरसीसी नरेश कुमार पटेल, साक्षरता नोडल अधिकारी अरुण कुमार देवता, संकुल प्राचार्य एसएस पटेल, तेजराम यादव, अजय तांडी, रामलाल पटेल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों के हाथों नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगा मुंह मीठा कर गणवेश प्रदान किया गया। प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन पालेश्वर पटेल प्रभारी प्रधान पाठक, डोलामणी साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, शिक्षिकाद्वय प्रभाकिरण ध्रुव, अनिता बरिहा द्वारा अपने जन्मदिन पर संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। साथ ही विद्यालय परिवार खुटेरी के नवागंतुक शिक्षिका कुमुदिनी बरिहा का अभिनंदन किया गया और प्राथमिक विद्यालय खुटेरी के सहायक शिक्षक कन्हैयालाल पटेल स्थानांतरित होने पर भावपूर्ण विदाई दी गई। आज का दिवस प्रवेश उत्सव ही नहीं बल्कि महोत्सव के रूप में मनाया गया। क्योंकि, विद्यालय खुटेरी ने भूतपूर्व छात्रों को भी आमंत्रित कर प्रतिभावान छात्रों को इस महती सभा में पुरस्कृत किए। गत सत्र 2024-25 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के प्रत्येक कक्षा के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रबंध समिति में प्रतिनिधि गायत्री साहू द्वारा बच्चों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था की गई। इस आयोजन में बच्चों ने आकर्षक स्वागत नृत्य और आओ स्कूल चले हम जैसे नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम संयोजन में अभिनन्दन नाग, नरसिंग पटेल, भूपेंद्र सिंह ठाकुर का उल्लेखनीय योगदान रहा। ग्राम खुटेरी से पालक नागरिक युवाओं में प्रमुख रूप से दशरथ साहू, सुखरू मांझी, कृष्णा ध्रुव, गजानंद निषाद, पालूराम पटेल, लेखराम ध्रुव, लक्ष्मी ठाकुर, गेंदी, दशमत, रेखा, गंगा, रति कला यादव, डिग्री चैन सिंह, श्याम उमाशंकर सिन्हा, अंकेशर नेताम, ठाकुरराम ठाकुर, अंजोर यादव, रतनू ध्रुव इत्यादि उपस्थित थे।





## सशिमं में प्रवेशोत्सव पर हुआ यज्ञ-हवन



**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में यज्ञ, हवन का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री मंदिर महासमुंद से पूर्णिमा साहू एवं चंद्रकला साहू द्वारा पूरे विधि विधान से यज्ञ, हवन का कार्यक्रम कराया गया। इसके पश्चात विद्यालय में प्रथम दिवस में उपस्थित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सचिव घनश्याम सोनी, प्रभारी प्राचार्य शिव कुमार कन्नौजे, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू दुर्गेश नंदनी चंद्राकर, सरोजनी साव, किरण सोनी, गुरवारी सोनी तारिणी गोस्वामी, निशा गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, टिकेश्वरी चंद्राकर, तनुजा साहू, अर्चना साव, वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन, अश्वनी साहू, तुलसी राम पटेल, हेमंत साहू, अजय तांडी, पवन निर्मलकर, ललित कुमार सिन्हा एवं विद्यालय के समस्त दीदी आचार्य उपस्थित रहे।

# अतरमरा संकुल में प्रधान पाठकों की बैठक हुई

**गरियाबंद।** नवीन शिक्षा सत्र का सोमवार को आगाज से हो चुका है। अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशासनिक कसावट लाने के लिए संकुल केंद्र अतरमरा में जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत जी के निर्देशानुसार संकुल प्राचार्य बी देवांगन ,संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा द्वारा संकुल में आने वाले सभी प्रधान पाठकों की अति आवश्यक बैठक आहूत किया गया था।

बैठक में संकुल प्राचार्य बी देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने सभी प्रधान पाठकों को उच्च कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों को बिंदुवार स्पष्ट करते हुए कहा कि शाला प्रवेश उत्सव में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर पुस्तक व गणेश का वितरण करें। विद्यालय ,शौचालय, रसोई कक्ष, स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई व कुर्सी टेबल मरम्मत पर ध्यान दें। संकुल से प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का टीबीसी एप्प में वेरिफिकेशन एवं स्केटिंग के पश्चात वितरण सुनिश्चित करें। प्रत्येक पुस्तक में न्यूनतम 10 पेज में स्कूल की सील लगाए सभी पाठ्य पुस्तकों समग्र शिक्षा द्वारा प्राप्त अभ्यास पुस्तकों लाइब्रेरी तथा अन्य सामग्रियों की स्टाक पंजी संधारित करें।शाला के रंग रोगन साफ सफाई हेतु आवश्यकता अनुसार शाला अनुदान राशि से व्यय करें। युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों का भार मुक्त एवं कार्यभार ग्रहण करवाये। सभी स्कूलों में कक्षा के बच्चों का प्रोग्रेशन कार्य तत्काल पूर्ण करें। युक्ति युक्तकरण के तहत जिन विद्यालयों का एक ही परिसर में युक्ति युक्तकरण हुआ है उनका यू डाइस कोड एक ही होगा। जिस स्कूल में अन्य स्कूल एकीकृत हुए हैं उसी स्कूल का यू डाइस कोड में अपग्रेडेशन प्रोग्रेशन अपडेट कार्य सुनिश्चित करें।सभी प्राथमिक, माध्यमिक शाला में गणेवेश वितरण के पूर्व गणवेश को भली भांति जांच कर ले गणवेश के बटन कटे फटे ना हो भली भाती जांच लें तत्पश्चात ही वितरण करें। एक पेड़ मां के नाम संस्करण 2.0 के तहत प्रत्येक संस्था में 70 पौधे वृक्षारोपण तथा प्रति छात्र एक पेड़ की जिम्मेदारी तय करें। निर्धारित पोर्टल में छात्र का माँ के साथ फोटो अपलोड करें।गत सत्र में छूटे हुए अपार आईडी जनरेशन कार्य को पूर्ण करें। जिन छात्रों का आधार वेरिफिकेशन नहीं हुआ है उनका वेरिफिकेशन करवा कर सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी जेनरेट करें।

# फिंगेश्वर भाजपा मंडल की कार्यसमिति घोषित

**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुशंसा से भाजपा मंडल फिंगेश्वर की कार्य समिति की घोषित सूची जारी की गई है।इस घोषणा मे मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, उपाध्यक्ष ,मिंजून साहू, कोमल ढीढी, जनक श्रीवास एवं पदमा यदु हैं। इसी प्रकार महामंत्री पद के लिए प्रेमलाल टोडर, भुवन साहू, मंत्री मुकेश साहू, चांदनी कश्यप, कीर्ति निषाद, जगदेश सिन्हा, कोशाध्यक्ष–कुमारी वीणा निषाद को बनाया गया है। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य सुकदेव साहू, मोतीराम निशाद, नरोत्तम सिन्हा, कमलेश साहू, भुनेश्वर साहू, हेमुराम निषाद, किसनराम निषाद, तुलाराम साहू, संतराम साहू, सहदेव सोनी, बिसहत राम साहू, रामकिसुन साहू, कृशलाल साहू, हीरामन साहू, रमेश साहू, काशीराम साहू, काशीराम निषाद शामिल है।

## पेज 9 के शेष...

### लंबा इंतजार खत्म...

रही है। हर कोई व्याकुल रहा। किसी को उम्मीद नहीं थी कि आज पानी बरसेगा। परंतु दोपहर में ही मौसम में बदलाव हुआ, आकाश पर बादल छा गए और गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस पहली बारिश से लोगों ने राहत की सांस लिया है। क्योंकि गर्मी और उमस से लोग हलाकान हो गए थे। अब विश्वास हो गया है कि ये बारिश मानसूनी बारिश है। इस बारिश से रास्ता चलते लोग अपने दुपहिया के साथ दुकान के छांव व टिन के नीचे ठहर गए थे।

**गरियाबंद एवं रायपुर समेत एक दर्जन जिलों में ऑरेंज अलर्ट-** मौसम विभाग विगत पखवाड़े भर से ऑरेंज अलर्ट जारी कर छत्तीसगढ़ के मध्य हिस्से में बारिश, गरज चमक की सूचना दे रहा है। किंतु छुटपुट बूंदा बांदी को छोड़ कही भी बारिश नहीं हो रही है। किसान खरीफ फसल की तैयारी कर मानसून के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे है। खेतों की सफाई एवं जुताई का काम पूर्ण हो चुका है। बोने के लिए बीज खरीदे जा चुके है। बारिश न होने से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। मौसम विभाग के अनुसार दंतेवाड़ा बस्तर में अटका हुआ मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अब अनुकूल हो गया है। बंगाल की खाड़ी में आद्रता बढ़ने से आगामी 24 घंटों में गरियाबंद, रायपुर जिले में बारिश होने की संभावना जताई गई है। प्रदेश के एक दर्जन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां बारिश के साथ बादल गरजने एवं आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। किंतु मौसम एवं मौसम विभाग की जानकारी में काफी विरोधाभास नजर आ रहा है। बहरहाल हर कोई अब बारिश होने की आशा कर रहे है।

### तेज रफ्तार हाईवा...

रात 10 बजते ही खाली और रेत भरे हाइवा शहर के मुख्य गंज मार्ग से पूरी रफ्तार में दौड़ना शुरू कर देते हैं। यह एक व्यापारिक केंद्र है जहां रात 10 बजे तक व्यापारी और उनके कर्मचारी घर लौटते हैं। साथ ही गर्मी के चलते महिलाएं, युवतियां और युवक इसी रोड पर वॉक करते हैं। बेलाहीघाट पुल पर भी वॉक करने वालों की भीड़ लगी रहती है। इसके बावजूद नशे में धुत हाइवा चालकों की मनमानी गति देखी जाती है। वहीं रात के समय इन वाहनों की तेज रफ्तार और नशे में धुत चालकों की लापरवाही से पिछले 6 महीनों में इस मार्ग पर 5 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

**कार्रवाई की मांग, नहीं तो करेंगे उग्र आंदोलन-** सिंध समाज के व्यापारी बंधुओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि ऐसी घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। नवापारा की जनता प्रशासन से यह सवाल पूछ रही है कि आखिर कब रुकेगा यह मौत का खूनी खेल और क्या प्रशासन इसकी जवाबदेही लेगा? इस हादसे ने न केवल एक परिवार को त्रासदी दी है, बल्कि प्रशासन की लापरवाही और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण की कमी को भी उजागर किया है। नवापारा की जनता अब ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़ी है। नवापारा थाना में शून्य पर अपराध दर्ज कर मर्ग डायरी धमतरी जिले के चौकी बड़ी करेली को भेज दी गई है। गौरव का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### रसेला-छुरा मार्ग...

लेते हैं। बारिश का समय आ चुका है फिर से क्षेत्रवासियों तकलीफ सहन के लिए कमर कस के तैयार रहेंगे। भारी बारिश होने पर इस क्षेत्र के 32 गांव के लोगों से संपर्क टूट जाता है। इस क्षेत्र के ग्रामीण कांग्रेस और भाजपा सरकार से आस लगायें बैठे थे कि इस वर्ष मार्ग का उद्धार हो जायेगा, मगर अभी तक सुध लेने वाला कोई नहीं है। रसेला से छुरा मार्ग सड़क पुल पुलिया वनांचल वासियों के लिए एक मुद्दा बन गया है। जनपद सदस्य बिमला नागेश, सुखराम ठाकुर, मिलन्तीन कुंजाम, नारायण सिन्हा,मोगेश्वरी ठाकुर,सरपंच राजकुमारी ध्रुव, ललिता कंवर, भोजराज नागेश, हेमलता ध्रुव, रुपादेवी ठाकुर, तुलेश्वर ध्रुव, हेमलता नागेश, विजय कृष्णा नागेश,रवि मरकाम, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, लोकराम यादव, बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, संतराम नेताम, नंदू दास, धनीराम यादव, देवलाल बारिक, नारायण सिंह ठाकुर, केजूराम ध्रुव, झवर अग्रवाल, सेवकराम साहू, कल्याण सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, कुशल ध्रुव, राधे सेन, भागवत सिन्हा, मकरम ठाकुर, ठाकुरराम चन्द्राकार, तेजराम साहू, प्रितराम सिन्हा, गैंदालाल ध्रुव, केशुराम ध्रुव, टीकम सिन्हा सहित क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन उक्त सड़क का नवनिर्माण कराएं जाने की मांग कर रहे हैं।

### पुलिस की कार्यप्रणाली...

कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं। पत्र में यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि यह आदेश केवल औपचारिकता भर न रहे, बल्कि इसका वास्तविक कार्यान्वयन प्रदेश की प्रत्येक पुलिस चौकी, थाने और कार्यालय में दिखे। छत्तीसगढ़ पुलिस अब केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था न होकर जनसंवाद का माध्यम भी बनेगी। भाषा के इस सरलीकरण से शिकायतकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने, सुनने और समझने में सुविधा होगी। एफआईआर जैसी प्रक्रिया, जो अब तक केवल अधिवक्ताओं या पुलिस कर्मियों की समझ में आती थी, वह अब आम नागरिक के लिए भी बोधगम्य हो सकेगी।

### 60 लीटर ताड़ी...

नालगोंडा, तेलंगाना, हाल मुकाम देवभोग धान मंडी) और तिरन यादव (33 वर्ष, ग्राम खुटगांव, देवभोग)बताया। तलाशी लेने पर, के. शिवा कुम्भम के कब्जे से 60 बल्क लीटर ताड़ी प्रजाति का छिंद रस (कीमत 3000) और तिरन यादव के कब्जे से 06 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब (कीमत 600) बरामद हुई। दोनों आरोपियों के पास ताड़ी और शराब को रखने या बेचने का कोई वैध कागजात या लाइसेंस नहीं पाया गया। इस मामले में देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही, जिसने प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### 66 लीटर शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** गरियाबंद पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों से 60 लीटर ताड़ी (छिंदरस) और 6 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब सहित कुल 66 लीटर अवैध मदिरा जप्त किया है। आरोपियों पर आबकारी एक्ट तहत मामला दर्ज किया गया है। देवभोग थाना पुलिस ने नया सवेरा अभियान तहत अवैध शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाने आदेश दिया था। इसका पालन करते हुए थाना प्रभारी ने स्टाफ सहित मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी किया। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि छोटी गुड्डी तिराहा पर 2 व्यक्ति अधिक मात्रा में अवैध शराब साथ लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी किया और 24 वर्षीय के. शिवा कुम्भम (ग्राम सालीगौरम, नालगोंडा, तेलंगाना, अस्थाई निवास देवभोग) और 33 वर्षीय तिरन यादव (ग्राम खुटगांव, गरियाबंद) नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 60 लीटर ताड़ी (छिंदरस) कीमत लगभग 3,000/- रुपए एवं 6 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमत लगभग 600/- रुपए बरामद किया गया। आरोपियों ने अवैध मदिरा रखने या बेचने सम्बन्धी कोई दस्तावेज पुलिसको नहीं दिया। देवभोग पुलिस ने आरोपियों पर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) तहत मामला दर्ज किया, उन्हें गिरफ्तार किया गया व न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना देवभोग पुलिस स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**गरियाबंद।** मछली पालन विभाग के सहायक संचालक एके वशिष्ठ ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को ध्यान में रखते हुये उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत दिनांक 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को ''बंद ऋतु (क्लोज सीजन)'' के रूप में घोषित किया गया है। इस दौरान प्रदेश के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगें।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने सर्व संबंधितों को पत्र प्रेषित कर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने इस योग दिवस का आयोजन जिला स्तर, नगर मुख्यालय, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर योगा संयम एवं हरित योग आधारित थीम पर विभिन्न विभागों के समन्वय से गतिविधियां करने के निर्देश दिये है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अंतर्गत पारंपरिक योग प्रथाओं के साथ-साथ पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देना, स्वच्छता अभियान का क्रियान्वयन एवं युवा वर्ग को योग के प्रति जागरूक करते हुए अन्य गतिविधियों का आयोजन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम हरित योग है, जिसमें पर्यावरण मित्रवत यथा पौधारोपण, बीज वितरण पौधो का संरक्षण आदि करना है। इसके लिए वन विभाग उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। युवाओं को योग केन्द्र के प्रति जागरूक व प्रेरित करने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को शामिल की जाय। इसके लिए स्कूल शिक्षा उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित अन्य संस्थाओं के छात्र-छात्राओं, स्काउड गाईड, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर व अन्य युवाओं को भी शामिल कर कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

---

**विडंबना : सड़क पुल पुलिया बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य को लेकर भड़के ग्रामीणों ने कहा अब आंदोलन ही अंतिम रास्ता**

# ग्राम पंचायत जांगड़ा-पायलीखंड में आज भी ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

- सांसद, विधायक एवं उच्च अफसर भी नहीं पहुंचते गांव, ग्रामीणों में भारी नाराजगी

जिले के आदिवासी मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जांगड़ा एवं पायलीखण्ड की धरती कीमती रत्न हीरा उगलती है इस गांव की धरती के भीतर अकूत खनिज संपदा भरा हुआ है बावजूद इसके ऊपर निवास करने वाले गांव के ग्रामीण मूलभूत बुनियादी सुविधाए जैसे सड़क, पुल पुलिया, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए आजादी के बाद से संघर्ष कर रहे है अब ग्रामीणों का सब्र का बांध टूट रहा है। ग्रामीण एकबार फिर आंदोलन करने की रणनीति तैयार कर रहे है तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 38 किमी दूर मे बसा ग्राम पंचायत जांगड़ा की जनसंख्या लगभग 2500 के आसपास है और इसके आश्रित ग्राम पायलीखण्ड, कुरूभाठा, बरगांव, डूमरपड़ाव है जहां विशेष पिछड़ी जनजाति आदिवासी भूंजिया के साथ- साथ अन्य समाज के लोग निवास करते हैं और यहां के ग्रामीणों ने लगभग 15 वर्ष पहले मूलभूत समस्याओं को लेकर नेशनल हाईवे 130 सी पर चक्काजाम किया था तब अफसरों ने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था तब अफसरों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर दिया था लेकिन अब तक इन ग्रामों की न तो तस्वीर बदली और न ही यहां निवास करने वाले ग्रामीणों की तकदीर। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि ग्राम जांगड़ा पायलीखण्ड हीरा खदान के नाम से पूरे देश ही नहीं विश्व में भी चर्चित है यहां आस्टेलिया, यूरोप जैसे देशों से बड़े -बड़े वैज्ञानिक पहुंचकर हीरा खदान की सर्वे कर भारी मात्र में हीरा अलेक्जेंडर और हीरा की जननी कैम्बर लाईट पाइप होने की पुष्टि की है और इस क्षेत्र के धरती के नीचे अपार खनिज संपदा भरा हुआ है लेकिन इस अमीर धरती के उपर निवास करने वाले गरीब जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है।



**सड़क निर्माण कार्य बंद-** नेशनल हाईवे 130 सी डूमरपड़ाव से जांगड़ा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य दिसबंर 2024 में प्रारंभ किया गया लेकिन निर्माण कार्य पिछले छह माह से बंद है ग्रामीणो ने कई बार सड़क निर्माण कार्य को प्रारंभ करने की मांग कर चुके है लेकिन ग्रामीणों की इस समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है बारिश के दिनो मे पुल पुलिया और पायलीखण्ड नदी मे बाढ़ आने के कारण मरीजो को खाट और कांवर मे अस्पताल तक पहुंचाना पड़ता है उपस्वास्थ्य केन्द्र है लेकिन वहां नर्स की व्यवस्था नही है।

**स्कूल भवन 20 वर्षो से अधूरा, बच्चे पशु औषधालय में पढ़ने को मजबूर-** ग्राम पंचायत जांगड़ा क्षेत्र में स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गया है। यहां पायलीखण्ड एवं कुरूभाठा में 2005 से स्कूल भवन का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है और तो और पिछले शिक्षा सत्र में नए स्कूल भवन के लिए लाखों रूपए मिला जो अब तक पूरा नहीं हुआ जिसके कारण जांगड़ा में पशु औषधालय में स्कूल का संचालन किया जा रहा है बरगांव हाई स्कूल मे आहता और कई समस्या व्याप्त है।

**विधायक, सांसद और आला अफसर नहीं पहुंचते, ग्रामीणों मे भारी नाराजगी-** ग्राम पंचायत जांगड़ा के सरपंच अरविन्द नेताम, उपसरपंच भानू सिन्हा एवं वरिष्ठ नागरिक जगबंधु सिन्हा, प्रेम कुमार, कुंजन, ललित राम, घांसीराम, रघुराम, कुबेर, रोहित, मधुराम, भुवन यादव, दल्लू, दौलत नागेश, नरसिंह चमारसिंह नेताम, लखीराम, गौतम एवं ग्रामीणो ने बताया हमारे क्षेत्र के धरती के नीचे खनिज संपदा हीरा का खदान है और इस अमीर धरती के उपर निवास करने वाले लोग परेशानियों से जूझ रहे है आजतक बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव एवं सांसद रूप कुमारी चौधरी एवं जिले के आला अफसर हमारे जांगड़ा पायलीखण्ड का दौरा नहीं किए है ग्रामीणों की मांग है कि सांसद विधायक आला अफसरों के आने से गांव का समस्या का समाधान होता है। ग्रामीणों ने कहा सैकड़ो बार आवेदन देकर थक चुके है अब मजबूरन आंदोलन करने बाध्य होंगें जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

**समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं-** ग्राम पंचायत जांगड़ा के सरपंच अरविन्द कुमार नेताम ने बताया की हमारे पंचायत क्षेत्र का प्रमुख मांग सड़क और बिजली का है। यहां सांसद विधायक और आला अफसर नहीं आते है जिसके कारण हमारी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।

**समस्या का समाधान किया जाए-** ग्राम पंचायत जांगड़ा के उपसरपंच भानू सिन्हा ने बताया की हमारे क्षेत्र की धरती हीरा उगलती है पूरे देश और विश्व में जाना जाता है। सड़क नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में मरीजों को कांवर खाट में अस्पताल तक ले जाना पड़ता है। स्कूल भवन अधूरा है। सरकार को चाहिए कि इस क्षेत्र की समस्या का समाधान किया जाए।

### पेयजल के लिए झरिया का सहारा, जल जीवन मिशन योजना में भारी गड़बड़ी

ग्राम पंचायत जांगड़ा एवं आश्रित ग्राम पायलीखण्ड, बरगांव, कुरूभाठा, डुमरपड़ाव के ग्रामीणों को आज भी पीने के लिए शुध्द पेयजल नसीब नही हो पा रहा है ग्रामीणों को नदी नाले मे झरिया खोदकर पानी की व्यवस्था करना पड़ता है कहने को तो ग्राम जांगड़ा मे लाखो रूपए खर्च कर जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन इस भीशण गर्मी मे भी लोगो को एक बूंद पानी नही मिला जल जीवन मिशन योजना सिर्फ यहां खोखला साबित हो रहा है गांव में जगह जगह नल की टोटी लगायी है लेकिन पानी नही निकल रहा है कई बार ग्रामीण शिकायत कर थक चुके है लेकिन न तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी पहुंचे और न ही कोई जनप्रतिनिधि जिसके कारण ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है।





### अब तक नहीं पहुंची बिजली

ग्राम डूमरपड़ाव, जांगडा, पायलीखण्ड, बरगांव, कुरूभाठा के ग्रामीण आजादी के बाद से बिजली लगाने की मांग कर रहे है लेकिन अब तक बिजली की रोशनी नही पहुंच पाई है। कहने को तो गांव में सौर उर्जा लगाया गया है लेकिन उसके कल पुर्जे और प्लेट बहुत पुराने होने के कारण महज कुछ घंटे के बार रात भर अंधेरा छा जाता है उसके बाद ग्रामीणों को आज भी लालटेन की रौशनी के भरोसे रात गुजारना पड़ता है।

---

# ग्रीष्म अवकाश के बाद भेंडरी स्कूल में बच्चों की चहलकदमी



### नए सत्र का उत्साह से आगाज


हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

ग्रीष्म अवकाश के बाद शिक्षा सत्र 2025-2026 के पहले दिन शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी, संकुल केंद्र लोहरसी में बच्चों में खूब उत्साह और चहलकदमी देखने को मिली। विद्यालय की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा-अर्चना और राष्ट्रगान जन गण मन व राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुई। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण साहू ने नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। प्रार्थना सभा में बच्चों से उनकी ग्रीष्मकालीन छुट्टियों, परिवार में शादियों और दिए गए गृह कार्य के बारे में पूछा गया, जिस पर बच्चों ने सक्रियता से जवाब दिए। शिक्षकों ने कक्षाओं में पिछले सत्र में पढ़ाए गए पहाड़ा, वर्णमाला (हिंदी और अंग्रेजी) का पुनः अभ्यास करवाया और बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। बच्चों को मध्याह्न भोजन में खीर परोसकर उनका मुंह मीठा कराया गया, जिसके साथ दाल, चावल और आलू-चना की सब्जी भी परोसी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी, शिक्षक लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव, रेखराम निषाद, प्रदीप साहू, पालक सदस्य भूषणलाल साहू, चित्ररेखा यादव, शांति यादव, रेखा यादव, केवरा साहू सहित नव प्रवेशी 8 बच्चों और कुल 74 बच्चे उपस्थित थे।



# पीएमश्री हरिहर स्कूल में पहला दिन बच्चों का हुआ पुष्प वर्षा और तिलक से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम



सोमवार को शहर के पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय में पहली बार कदम रखने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी सहित शहर के गणमान्य नागरिक संजय साहू, शाला विकास समिति के सदस्य अशोक गंगवाल, सोन सर ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। उन्होंने पालकों को विश्वास दिलाया कि विद्यालय उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगा। शाला प्रवेश उत्सव की गरिमामयी शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। जिसने पूरे परिसर को एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण से भर दिया। इस अवसर पर पीएमश्री योजना के तहत विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नवोदित बच्चों का पारंपरिक विधि से स्वागत किया गया। छोटे-छोटे बच्चों को चंदन का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा करते हुए, चॉकलेट व मिठाई खिलाकर विद्यालय परिवार ने उन्हें सच्चे हृदय से अपनाया। बच्चों की मुस्कान और उनकी आँखों की चमक इस बात की गवाही दे रही थी कि वे इस नए वातावरण में खुद को सुरक्षित, अपनापन महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पालकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पालकों ने विद्यालय की इस परंपरा और उनके बच्चों के प्रति दिखाए गए स्नेहपूर्ण व्यवहार की सराहना की। शाला में देवांगन सर, अवसरिया सर, सोमा शर्मा सहित विद्यालय के हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने अपने-अपने स्तर पर बच्चों को सहज, आत्मीय व प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को शिक्षा पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय की ओर से यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त शिक्षा, नैतिकता, अनुशासन और आत्म-निर्भरता की दिशा में सशक्त बनाया जाएगा।



---

**बिजली स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न**

# सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें : गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात कक्षा नवमी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर पदमा निषाद सरपंच ग्राम पंचायत बिजली ने कहा कि आप सभी नियमित रूप से शाला में उपस्थित होकर अच्छे से पढ़ाई करते हुए घर परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। गजेन्द्र निषाद अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है। सफलता पाने के लिए एक निश्चित लक्ष्य का निर्धारण बहुत जरुरी है। लिखन निषाद सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है क्यूंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है। अतः आप अनुशासन में रहते हुए अपने शिक्षकों के द्वारा सिखाये गए ज्ञान को आत्मसात करते हुए माता, पिता एवं गुरुओं का सम्मान करना न भूलें तोषण पटेल उप सरपंच ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के विकास से गांव, समाज व राष्ट्र की उन्नति संभव है।

**असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है-** प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि षिक्षा ऐसी सीढ़ी है,जिससे चलती पीढ़ी है। असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है। हमें सकारात्मक सोच रखते हुए कार्य करना होगा तो निश्चित सफलता मिलेगी।शिक्षा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों को लाती है और बुरे विचारों को बाहर करती है। सफलता पाने के लिए एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करें। उदय यादव विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई ताकत नहीं होती है। बालिका शिक्षा सामाजिक प्रगति और विकास का एक अनिवार्य पहलू है। मोती निषाद सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ संस्कार बहुत जरुरी है। जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है। संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होते है। प्रदीप सेन वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को जीवन का मार्ग दिखाती है। यह मनुष्य को समाज में प्रतिष्ठित करने का काम करने का प्रेरणा देती है।



### मोमेंटो भेंटकर किया सम्मान

कार्यक्रम के अंत में दसवीं एवं बारहवीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गीता साहू, तारणी, टार्जन निषाद, अर्पिता साहू, प्रियंका निषाद, करण निषाद, माधुरी निषाद, प्रीतम साहू, देवेंद्र निषाद एवं आरती सोनवानी को प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संतोषी गिलहरें व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, सरपंच पदमा निषाद, सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद, विधायक प्रतिनिधि उदय यादव, उपसरपंच तोषण पटेल, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद, वरिष्ठ नागरिक प्रदीप सेन, कुंत राम साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू, स्वीपर यशवंत व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।




### सर्व समाज के जिला अध्यक्ष बने सोमनाथ

**राजिम।** राजिम के सोमनाथ पटेल सर्वसमाज के जिलाध्यक्ष बनाए गए। दी गई जानकारी के मुताबिक विभिन्न समाजो की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सतनामी समाज ,धीवर समाज, कुर्मीसमाज , यादव समाज , देवांगन समाज,साहू समाज ,सेन समाज के प्रमुख मौजूद थे। जिसमें मुख्य रूप से सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, महासचिव लखन साहू, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमार पाटिल, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, रायपुर संभाग के अध्यक्ष ईश्वर पटेल शामिल थे। इस बैठक में सर्वसम्मति से सर्व समाज के गरियाबंद जिला अध्यक्ष के रूप में सोमनाथ पटेल को नियुक्त किया गया। वही रायपुर संभाग के संगठन सचिव पूरन यादव और राजेश धीवर को संभागीय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बने 25 वर्ष हो गया है, किंतु आज भी छत्तीसगढ़िया लोगों को वह स्थान नहीं मिल पा रहा है जिसके वे हकदार है। कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के आन बान और सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ के 36 कुलो के लोगों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को शपथ दिलाया गया। सोमनाथ पटेल के गरियाबंद जिला अध्यक्ष बनने पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अंजू नायक, एथलेटिक संघ के जिला अध्यक्ष शरद पारकर,भाजपा नेता संजीव साहू, प्रदीप जैन, पूर्व पार्षद भूखन पटेल, पटेल समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, भाजपा नेता ईश्वर साहू, नारायण साहू, लिकेश्वर साहू, राज सचिव नारायण पटेल, राजकोट अध्यक्ष कैलाश पटेल, राज उपाध्यक्ष दामोदर पटेल ने बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं का मुंह मीठा कराकर स्वागत



**मैनपुर।** कस्तूरबा आवासीय विद्यालय देवभोग में सोमवार को नव प्रवेशी छात्राओं का मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया और कस्तूरबा बालिका आवासीय छात्रवास में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान 32 नव प्रवेशी- छात्राओं को सीएससी सुरेश नारायण शुक्ला, संस्था प्रमुख उषा वैष्णव, शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद यादव ने पहले तिलक लगाया फिर मुंह मीठा करा कर उन्हें प्रवेश दिलाया। सभी नव प्रवेशी छात्राओं की गणवेश, ब्लेजर, ट्रैक शूट के अलावा पाठ्य पुस्तक भी भेंट किया गया।

### विष्णु बंजारे हुए सम्मानित



**छुईहा बेलर।** सतगुरु कबीर साहेब जयंती के शुभ अवसर पर समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के तत्वाधान में गोंडवाना भवन धमतरी में संपन्न हुआ। जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों का राज्य अलंकरण अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। जिसमें आचार्य डॉ. विष्णु बंजारे को सतगुरु कबीर साहेब सम्मान से नवाजा गया। आचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संतों गुरुओं की वाणी को मानव समाज को अमृत रूपी पान लेना चाहिए और अपने जीवन में उतरना चाहिए तभी हम उनके अनुयाई साबित होंगे और मानव समाज में संत क्रांति का सृजन होगा। हमारे आने वाली युवा पीढ़ियां को उस पथ पर चलने की बहुत ही आवश्यकता है। जिससे नशा मुक्त समाज का निर्माण हो सके और हमारे संतों गुरुओं की विचारधारा सदैव जीवित रहे, तभी हमारे समाज का विकास होगा।

### सिरपुर में बोल बम सेवा समिति की बैठक 20 को

**महासमुंद।** बोल बम कांवर यात्रा आयोजन एवं सेवा समिति सिरपुर की बैठक शुक्रवार 20 जून को सिरपुर स्थित यज्ञशाला में दोपहर 2 बजे रखी गई है। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष थनवार यादव, उपाध्यक्ष सुंदर साहू व संजय पांडे ने बताया कि बैठक में बम्हनी से सिरपुर के लिए निकलने वाली कांवर यात्रा की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

## निधन

### पंच राम साहू

**श्यामनगर।** ग्राम सुरसाबांधा निवासी पंच राम साहू (80) का निधन सोमवार, 16 जून 2025 को हुआ। वे निर्धन थे। उनके अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जहां गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। पंच राम साहू संतोष साहू के पिता और गिरवर साहू के दादा थे।




**विडंबना : आमलीपारा का प्राथमिक शाला पटपर पाली में विलय से बच्चे व अभिभावक परेशान**

# युक्तिकरण से अभिभावक परेशान 1 कमरे में 70 बच्चे पढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

युक्तिकरण अभियान के तहत स्कूलों के विलय (मर्जर) से अभिभावकों में भारी नाराजगी है। बताया जा रहा है कि यह विलय बिना किसी भौतिक सत्यापन या आवश्यकता आधारित विश्लेषण के किया गया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्राथमिक शाला आमलीपारा का प्राथमिक शाला पटपर पाली में विलय है, जिससे बच्चों और अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मर्ज किए गए स्कूलों की स्थिति प्राथमिक शाला आमलीपारा दर्ज संख्या 26 बच्चे (कक्षा 1 से 5) दो शिक्षक, किचन सेट, स्वीपर उपलब्ध। दो कमरे और एक हॉल की उचित व्यवस्था। पिछले साल मुख्यमंत्री जतन स्कूल मरम्मत योजना के तहत लगभग 2 की लागत से मरम्मत की गई थी।स्कूल खुलने के दिन ही बच्चों को पता चला कि उनका स्कूल अब पटपर पाली में मर्ज हो गया है। प्राथमिक शाला पटपर पाली पूर्व में 45 छात्र अध्यनरत थे। अधिकांश भवन जर्जर हैं। केवल एक अतिरिक्त कक्ष है, जहां वर्तमान में पांच कक्षाओं का संचालन होता है और शिक्षकों का कार्यालय भी वहीं है। मर्ज के बाद अब इस एक कमरे में लगभग 70 बच्चों (45 + 26) को बिठाना पड़ेगा। आमलीपारा और पटपर पाली के बीच एक नाला बहता है, जिस पर पुल बना है।






### अभिभावकों की मुख्य चिंताएं

आमलीपारा में न केवल वहीं के बल्कि आस-पास के 1-2 किलोमीटर के बच्चे भी पढ़ने आते थे। विलय के बाद उनके लिए यह दूरी बढ़कर 2 से 3 किलोमीटर हो जाएगी। पटपर पाली में सुविधाओं का अभाव है और एकमात्र उपलब्ध कक्ष में 70 बच्चों को समायोजित करना बेहद मुश्किल होगा। इससे बच्चों की पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अभिभावकों को स्कूल के विलय के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं दी गई, जिससे वे अचानक हुई इस बदलाव से हैरान हैं। रसोइया और स्वीपर का भविष्यः विलय के बाद दो रसोइया और स्वीपर के भविष्य को लेकर भी शासन से कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

### प्रतिक्रिया और आगे की मांग

प्राथमिक शाला आमलीपारा के बच्चों के अभिभावकों ने जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और विकास खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें प्राथमिक शाला आमलीपारा को फिर से शुरू करने की मांग की गई है। वहीं इस संबंध में जब जिला शिक्षा अधिकारी आनंद सरस्वत से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। अधिकारी इस मामले पर जानकारी देने से बच रहे हैं।

# विधायक के प्रयास से जिले में 25 करोड़ से बनेगा छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप गरियाबंद जिले के आदिवासी क्षेत्रों एवं दूरस्थ व दुर्गम बसाहट में निवास करने वाले बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष पहल रंग लाई है। विधायक श्री साहू के प्रयासों से आदिवासी क्षेत्र में केंद्रीय योजनाओं के तहत छात्रावास निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति मिली है जिससे आदिवासी अंचल में शिक्षार्थियों को सुविधाएं मिलेगी। इन स्वीकृतियों में धरती आबा जनजाति उत्कर्ष योजना अंतर्गत छुरा ब्लॉक के ग्राम कोठीगांव में 50 सीटर छात्रावास निर्माण के लिए 1 करोड़ 71 लाख रुपए, गरियाबंद ब्लॉक के ग्राम टीमनपुर में 50 सीटर छात्रावास के लिए 1 करोड़ 71 लाख रुपए, मैनपुर ब्लॉक के ग्राम मोंगराडीह में 100 सीटर छात्रावास के लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम-जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के बाहुल्य बसाहटों में निवासरत परिवार के बच्चों के लिये गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुविधा के साथ समग्र विकास के लिये अनेक छात्रावासों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है जिसमें प्रमुख रूप से विकासखंड छुरा के ग्राम खड़मा में 100 सीटर छात्रावास के लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए, विकासखंड छुरा के ग्राम पिपरछेड़ी में 100 सीटर छात्रावास के लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए, विकासखंड गरियाबंद के धवलपुर में 100 सीटर छात्रावास के लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए, विकासखंड मैनपुर के ग्राम जिड़ार में 100 सीटर छात्रावास के लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए, विकासखंड मैनपुर के ग्राम जुगाड़ में 100 सीटर छात्रावास के लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति हुआ है। इसी प्रकार स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मिशन भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा पीएम जनमन अभियान के अंतर्गत माध्यमिक स्तर के लिए विशेष पिछड़ी जनजाति विद्यार्थियों के लिए छात्रावास निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है जिसके अंतर्गत गरियाबंद ब्लॉक के पिपरछेड़ी में 100 सीटर छात्रावास के लिए 2 करोड़ 75 लाख रुपए तथा मैनपुर ब्लॉक के जुगाड़ में 50 सीटर छात्रावास के लिए 1 करोड़ 86 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति शामिल है। इस प्रकार गरियाबंद जिले के लिए बनने वाले विभिन्न छात्रावासों के लिए कुल 24 करोड़ 95 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।



# गोपालपुर में सरपंच दीवान ने नए स्कूल भवन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किमी दूर गरियाबंद मैनपुर नेशनल हाईवे मार्ग मे बसा ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम गौरघाट शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चे वर्शो से जर्जर स्कूल में पढाई करने विवश हो रहे थे मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत लाखो रूपये के लागत से यहां स्कूल भवन का निर्माण किया गया है आज शिक्षा सत्र के प्रथम दिन ही स्कूल भवन का शुभारंभ धूमधाम के साथ किया गया स्कूली बच्चो को नया स्कूल भवन मिलने से खुशी से झूम उठे। आज सोमवार ग्राम गौरघाट नये स्कूल भवन का शुभारंभ ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच श्रीमती कंवली बाई दीवान, पूर्व सरपंच खेलन सिंह दीवान, ग्राम पटेल तिलक राम, ग्राम झांकर पुजारी लोकसिंह एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शंकर लाल ध्रुव के उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर सरपंच श्रीमती कवंली बाई दीवान द्वारा फीता काटकर स्कूल भवन का शुभारंभ किया गया बच्चो ने ताली बजाते हुए स्कूल के कमरे के भीतर प्रवेश किये इस दौरान बच्चो को खीर पुड़ी व मिठाई खिलाकर एवं तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया।

### कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे



सरपंच कवंली बाई दीवान ने कहा की ग्राम गौरघाट में पुराना स्कूल भवन जर्जर हो गया था एक कमरे में स्कूल का संचालन की जा रही थी बच्चो को पढ़ाई करने में भारी परेशानी हो रही थी। यहां मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत नया स्कूल भवन का निर्माण किए जाने से बच्चों को इसका बेहतर लाभ मिलेगा। पूर्व सरपंच खेलन दीवान ने कहा की स्कूल भवन का बाउंड्री वाल टूट गया है इसके लिए शासन से मांग करेंगें और पढ़ाई करने वाले बच्चों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। प्रधानपाठक नरोत्तम सिंह साहू ने कहा की कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए सभी पालक सामने आकर बच्चों को स्कूल तक लाने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रधानपाठक नरोत्तम सिंह साहू, राजेश कुमार पाण्डेय, पदमनी सांडिल्य, विकास साहू, हरिशचन्द्र मरकाम, भूषण सिंह नेताम, नरायाण सिंह नेताम, जागेश्वर नेताम, भालेश्वर नेताम, सुशील चंद मरकाम, ललिता पटेल, पूर्णिमा ध्रुव, रूखमणी नेताम, टिकेश्वरी एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र- छात्राएं ग्रामीण जन उपस्थित थे

# रेत उत्खनन व खाद की कमी को लेकर कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा एवं नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के नेतृत्व में कार्यकर्ता नवापारा तहसील ऑफिस पहुंचकर तहसीलदार श्री सोनकर को दो ज्ञापन सौंपा। यह जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया कि खेती किसानी का समय आ गया है और सोसायटियो में किसानों को खाद के लिए परेशानी हो रही है। पर्याप्त मात्रा में खाद के अभाव में किसान भटक रहे है। बताया कि पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ के किसानों को सोसायटी द्वारा पर्याप्त मात्रा में खाद वितरण नहीं किया जा रहा है और इस गंभीर विषय पर शासन मौन है। कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और धान यहां की प्रमुख पैदावार है। खरीफ फसल की तैयारी में किसान लग चुके हैं उनका सारा जीवन यापन इसी फसल पर निर्भर रहता है। ऐसे समय में किसानों को खाद उपलब्ध न हो पाना किसानों के साथ मजाक है। अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि दूसरे ज्ञापन में उन्होने नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन और अवैध रेत परिवहन के संदर्भ में शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा है कि 15 अक्टूबर तक शासन के इस पर बंदिश के आदेश के बावजूद अवैध रेत परिवहन एवं खनन धड़ल्ले से जारी है जिस पर सख्ती के साथ प्रतिबंध लगाने की मांग कांग्रेस ने की है। बताया कि केंद्रीय पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी नालों से रेत उत्खनन व परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित है इसके बाद भी इस आदेश को अंगूठा दिखाते हुए रेत माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से महानदी के विभिन्न घाटों से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है जिसे नियमानुसार तत्काल बंद कराया जाए। इस ज्ञापन पर तहसीलदार सोनकर ने कांग्रेसजनो को उचित कार्यवाही करने आश्वस्त किया है। ज्ञापन देने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के साथ पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, महामंत्री राजा चावला, पार्षद रामरतन निषाद, अजय साहू, अर्जुन साहू, रामकुमार शर्मा, तरुण कंसारी, हेमंत साहनी, टिकेश्वर गिलहरे शामिल थे।

# शाला प्रवेश उत्सव का आगाज, बच्चों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रदेशभर में शिक्षा को जनांदोलन का रूप देने और प्रत्येक बच्चे को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केआर सिन्हा एवं टीआर यदु, डीके संवाकर सेवानिवृत शिक्षक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ शाला के प्राचार्य संतोष कुमार निषाद एवं सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान केआर सिन्हा ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और विद्यालय जीवन की नई शुरुआत के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल नामांकन का अवसर नहीं, बल्कि यह प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। टीआर यदु सर ने कहा कि शाला का पहला दिन हमेशा यादगार रहता है। इस दिन को खास बनाने के लिए और बच्चों को प्रेरित करने के लिए शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाता है। प्रधान पाठक श्री संतोष कुमार निषाद ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर कुल 162 एवं 51 में बच्चे दर्ज हैं।इस अवसर स्कूल परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था जिससे बच्चों और अभिभावकों को स्वागत का वातावरण महसूस हो। नवप्रेषित बच्चे नविन कुमार निषाद , मेघा बंसे, ख़ुशी बंसे, हेमाक्षी साहू और गनिष्का साहू जैसे बच्चों ने अपने पहले स्कूल दिवस को यादगार बनाने के लिए सेल्फी ली और एक-दूसरे के साथ विद्यालय जीवन की शुरुआत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने शाला विकास समिति के सदस्यों एवं सभी पालकों से अपील की कि वे शिक्षा के इस महाअभियान में भागीदार बनें और अपने आसपास के हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे।





# दादरगांव स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रथम दिवस स्कूल सत्र के शुभारंभ में प्राथमिक शाला दादरगांव (पुराना)के शाला प्रागंण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार, छायादार, फूल का पौधारोपण किया गया। साथ ही पेड़ की संरक्षण कर उनके निरंतर देखभाल करने के लिए संकल्प भी लिया।प्रधान पाठक शिव ठाकुर ने कहा कि भले हम एक पेड़ क्यों न लगाएं,लेकिन उसका पूरी तरह से अपने संतान जैसे उसको सीज कर संरक्षण करना हम सभी के जिम्मेदारी है। ग्रीष्मकालीन में तापमान 50 से 52 डिग्री हो जा रहा है। हम सभी एक वर्ष में एक पेड़ लगाकर उनका संरक्षण करें तो हम पर्यावरण बचा सकते है। पेड़ हमें आंक्सीजन प्रदान करती है। जिसे हमारी सांसे चल रही है। इस मौके पर प्रमुख रुप से टीकम सिन्हा शिक्षिका सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



